कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण,
इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-mail :nodalofficerddn@gmail.com Phone/ Fax: 0135-2767611

संख्या:–263 /FP/UK/ROAD/120677/2021 देहरादून:दिनॉक 29 जुलाई, 2021

सेवा में,

श्री प्रवीण कुमार,
वन संरक्षक,
उत्तरी कुमाऊँ वृत्त,
अल्मोड़ा।

विषय– जनपद–पिथौरागढ़ के विधानसभा क्षेत्र धारचूला के अन्तर्गत पैय्यापौड़ी तोली ग्वालगांव मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 3.875 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

उक्त विषयक प्रश्नगत प्रस्ताव दिनांक 02–06–2021 को प्राप्त हुआ। जिसके परीक्षणोपरान्त दिनांक 08–07–2021 को Online Observations प्रेषित किये गये थे। उक्त Observations आतिथि तक अप्राप्त है। प्रस्ताव की तीन हार्ड प्रतियां दिनांक 17–06–2021 को प्राप्त हुई हैं। आप द्वारा प्रस्तुत हार्ड प्रति के गहन अवलोकन करने के पश्चात् निम्न प्रकार प्रस्ताव में अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक है।

1. प्रस्ताव में विषयसूची अंकित नहीं की गई है, विषयसूची पृष्ठ संख्या अंकित करते हुये प्रस्ताव में संलग्न करें।
2. प्रस्ताव में वन संरक्षक द्वारा भरे जाने वाले प्रपत्र भाग–3 को संलग्न नहीं किया गया है।
3. प्रस्ताव में संलग्न स्थल निरीक्षण आख्या (SIR) में प्रभागीय वनाधिकारी की तिथि अंकित नहीं की गई है।
4. प्रपत्र 11.1 एवं प्रपत्र–12 में क्रमांक 4 पर प्रभावित 0.9 हे0 भूमि का स्पष्ट उल्लेख किया जाये।
5. क्षतिपूरक वृक्षारोपण की 10 वर्षीय योजना नई दरों के अनुसार प्रस्ताव में संलग्न करें।
6. प्रस्ताव में संलग्न प्रपत्र–18 एवं 19 में प्रस्तावित स्थल राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य से सम्बन्धित प्रमाण–पत्र में सम्बन्धित प्रभागीय वनाधिकारी के हस्ताक्षर अपेक्षित हैं। प्रपत्र 19 एवं प्रस्ताव में संलग्न हवाई दूरी के प्रमाण–पत्र में प्रस्तावित स्थल की राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य से दूरी मात्र 395 मीटर दर्शायी गई है। उक्त के क्रम में प्रस्ताव में NBWL की संस्तुति/अनापत्ति प्रमाण–पत्र संलग्न किया जाना।
7. मलवा निस्तारण हेतु चयनित स्थल का मानचित्र/प्लान एवं अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न करें तथा मलवा निस्तारण स्थलों को डिजिटल मानचित्र में दर्शाते हुये प्रस्ताव में संलग्न करें।

अतः उपरोक्त कमियों का निराकरण करने हेतु प्रयोक्ता एजेन्सी/प्रभागीय वनाधिकारी को अपने स्तर से निर्देशित करते हुये **कमियों का पूर्ण निराकरण करवाकर इस कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।**

भवदीय,

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या:– /FP/UK/ROAD/120677/2021 दिनॉकित।

प्रतिलिपि :– श्री विनय भार्गव, प्रभागीय वनाधिकारी, पिथौरागढ़ वन प्रभाग, पिथौरागढ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि **प्रस्ताव में इंगित कमियों का प्रस्तावक विभाग से पूर्ण निराकरण करवाकर प्रस्ताव इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।**

(डा0 कपिल जोशी)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।